हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 अगस्त 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 आरबीएसके बना उम्मीद की किरण, मुंबई में...



07 भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व उत्साह...



समाचार संक्षेप

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी संघ करेगा हॉकी प्रतिभाओं का सम्मान



गुना। राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर जिला हॉकी संघ, गुना द्वारा 29 अगस्त को प्रातः 9 बजे संजय स्टेडियम एस्ट्रोटर्फ, गुना में खेल दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला हॉकी संघ के सचिव ब्रजेश दुबे बॉबी ने बताया कि संजय स्टेडियम एस्ट्रोटर्फ पर 29 अगस्त को प्रातः 9 बजे से आयोजन शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह सिसौदिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री, मध्य प्रदेश शासन रहेंगे। इस अवसर पर गुना शहर की हॉकी प्रतिभाओं एवं हॉकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों के बीच प्रदर्शन हॉकी मैच का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें शहर के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला हॉकी संघ गुना ने शहर के खेलप्रेमियों, पूर्व एवं वर्तमान खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

रक्षाबंधन पर समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने बिछड़े भाई को बहन से मिलाया

गुना। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने एक माह से घर से बिछड़े युवक को उसके परिवार से मिलाकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की। भाई के मिलने की खबर से बहन की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने कहा कि रक्षाबंधन के दिन भाई मिला है और वह राखी बांधने के लिए उसका इंतजार कर रही है। जानकारी के अनुसार, समाजसेवी प्रमोद भार्गव को एक दिन करीब 20-22 वर्ष की उम्र का एक युवक सड़क पर नंगे पैर बारिश के पानी में भीगते हुए मिला। भार्गव ने तत्काल उसकी मदद की और उसे शहर लाकर कपड़े बदलवाए तथा भोजन कराया। इसके बाद उन्होंने युवक से उसके घर-परिवार के बारे में पूछताछ की।युवक ने अपना गांव जबलपुर जिले के जूनमानी क्षेत्र में स्थित बरगमा बताया। भार्गव ने वहां संपर्क किया तो युवक की बहन का फोन प्रमोद भार्गव के पास आया। बहन ने बताया कि उनके पिता भी पिछले एक माह से बेटे की तलाश कर रहे थे।सूचना मिलने के बाद युवक के पिता सुजान सिंह कोल और जीजा विष्णु कोल रात में जबलपुर से गुना पहुंचे और युवक पन्नालाल कोल को अपने साथ घर ले गए।

जिले में चौथा जिला स्तरीय जन विश्वास शिविर आज मधुसूदनगढ़ में

गुना। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत गुना जिले का चौथा जिला स्तरीय शिविर शनिवार 29 अगस्त को मधुसूदनगढ़ नगर परिषद में आयोजित होगा। शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण जन-विश्वास शिविर शनिवार 29 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नगर परिषद मधुसूदनगढ़ के सभी वार्डों के निवासियों को लाभान्वित कराया जाएगा। शिविर शुरू होने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ फील्ड भ्रमण कर अपने-अपने विभाग की संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर में जन संवाद एवं उद्योग संवाद आयोजित किए जाएंगे। उद्योग संवाद में वृहद, एमएसएमई तथा कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमी अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही उद्यमियों की समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण प्रदेश के साथ गुना जिले में भी जनता से सीधा संवाद व जुड़ाव स्थापित करने और समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित होने जा रहा है।

नन्हे हाथों से बंधी रक्षा की डोर, भाई-बहन का निश्छल प्रेम

रक्षाबंधन पर जिला जेल में भाईयों की कलाई पर बहनों ने बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना







अंचलभर में रक्षाबंधन का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। बहनें सुबह से ही अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना कर रही हैं। भाई भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण और द्रौपदी से जुड़े रक्षासूत्र के प्रसंग से संबंधित है। इसी परंपरा के तहत बहनें सदियों से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती आ रही हैं। इसी बीच भाई-बहन के राखी बांधते हुए उनके वीडियो लोगों ने सोशल मीडिया पर डाले।

इधर जिले की जेल की ऊंची दीवारें और लोहे की सलाखें शुक्रवार को भाई-बहन के अटूट रिश्ते के सामने छोटी पड़ गईं। रक्षाबंधन पर जब बहनों ने जेल में बंद अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी तो माहौल भावुक हो उठा। किसी बहन की आंखों में भाई से मिलने की खुशी थी तो किसी की आंखों से लंबे समय बाद सामने आए भाई को देखकर आंसू छलक पड़े। कुछ पल के लिए जेल की कठोर दुनिया में अपनापन और स्नेह की भावनाएं हावी रहीं। जेल के मुख्य गेट पर सुबह से ही बहनों और महिला स्वजन की कतार लग गई थी। कोई दूर-दराज से भाई के लिए राखी लेकर पहुंची थी तो कोई लंबे समय बाद उसकी एक झलक पाने को बेताब थी। जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन को देखते हुए विशेष मुलाकात की व्यवस्था की थी। अपनी बारी आने पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। माथे पर तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उनके सुखी जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद दिया। कई भाई-बहन एक-दूसरे के सामने पहुंचे तो भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। आंखों से निकले आंसू रिश्ते की गहराई बयां कर रहे थे।

सलाखों के पार भी नहीं टूटा रिश्ता

जेल में बंद होने के बावजूद भाइयों के प्रति बहनों का स्नेह कम नहीं हुआ। बहनों का कहना था कि भाई किसी भी परिस्थिति में हों, रक्षाबंधन उनके लिए खास है। भाई की कलाई पर राखी बांधना उनके लिए सिर्फ एक रस्म नहीं, रिश्ते को निभाने का संकल्प भी है।

सुरक्षा के रहे विशेष इंतजाम

रक्षाबंधन को लेकर जेल प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए थे। जेल परिसर में प्रवेश से पहले बहनों और अन्य स्वजन की जांच की गई। मुलाकात की पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखी गई। आने-जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड भी दर्ज किया गया। व्यवस्था के बीच बहनों को भाइयों से मिलने और राखी बांधने का अवसर दिया गया।

रक्षाबंधन मनाने ट्रेन से जा रही महिला यात्री का ट्रॉली बैग चोरी

सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



भोपाल से ग्वालियर की यात्रा कर रही एक महिला यात्री का सोने-चांदी के आभूषणों, नकदी और कपड़ों से भरा ट्रॉली बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। वारदात उस समय हुई जब ट्रेन गुना रेलवे स्टेशन के आसपास से गुजर रही थी। मामले में जीआरपी थाना शिवपुरी द्वारा शून्य पर दर्ज की गई एफआईआर की केस डायरी सीसीटीएनएस के माध्यम से असल कायमी हेतु जीआरपी थाना गुना भेजी गई, जहां पुलिस ने असल अपराध दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, फरियादिया अलका जाट (33) पति नवित जाट, निवासी राधे कृष्ण टावर मल्टी, बाग सेवनिया मार्केट, भोपाल अपने भाई श्यामवीर जाट के साथ ट्रेन क्रमांक 11085 बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस के कोच एस-1 (सीट नंबर 56) में भोपाल से ग्वालियर की यात्रा कर रही थीं। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि यात्रा के दौरान जब ट्रेन बीना स्टेशन पहुंची थी, तब उन्होंने सीट के नीचे रखा अपना सफारी कंपनी का हरे रंग का छोटा ट्रोली बैग सुरक्षित देखा था। लेकिन जैसे ही ट्रेन गुना रेलवे स्टेशन पहुंची और उन्होंने नीचे देखा, तो उनका ट्रोली बैग गायब था। आसपास और कोच में काफी खोजबीन करने के बाद भी बैग का कोई अता-पता नहीं चला।

चोरी गए ट्रॉली बैग में 11.5 ग्राम वजनी सोने की एक चेन, एक तोले वजनी सोने की तीन अंगूठियां, 140 ग्राम वजनी चांदी की दो जोड़ी पायल, 14,500 रुपये नकद तथा व्यक्तिगत इस्तेमाली कपड़े रखे हुए थे। इंदौर रेल कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर जीआरपी शिवपुरी पुलिस ने ट्रेन अटेंड कर फरियादिया के बयान दर्ज किए। जीआरपी गुना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की पतारसी शुरू कर दी है।

यात्री का मोबाइल और नकदी से भरा पर्स चोरी

इधर ट्रेन में ही सफर कर रहे एक अन्य रेल यात्री का मोबाइल और नकदी से भरा लेडीज पर्स चोरी हो गया। घटना गुना रेलवे स्टेशन की बताई जा रही है। मामले में जीआरपी थाना शिवपुरी से शून्य पर कायमी कर डायरी असल विवेचना हेतु जीआरपी थाना गुना भेजी गई है, जहां पुलिस ने असल अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, फरियादी प्रसून कुमार (30) निवासी लोक नगर, जिला उन्नाव (उत्तर प्रदेश) अपने परिवार के साथ ट्रेन क्रमांक 04114 हुबली-प्रयागराज समर स्पेशल में भोपाल से गोविंदपुरी की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान बीना स्टेशन निकलने के बाद परिवार के सदस्य सो गए। जब ट्रेन गुना रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी, तभी फरियादी की नींद खुली। उन्होंने देखा कि सीट पर रखा उनकी मामी का लेडीज पर्स गायब था। पर्स में 15,000 रुपये कीमत का एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल और 2,000 रुपये नकद रखे हुए थे, जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। फरियादी की शिकायत पर पहले जीआरपी शिवपुरी द्वारा शून्य पर एफआईआर दर्ज की गई। चूंकि घटना स्थल जीआरपी थाना गुना क्षेत्र का है, इसलिए मामला असल कायम कर विवेचना में लिया गया है।

हनुमान चौराहे से रोज भर रही सवारियां

ग्रामीण रूटों पर ओवरलोड टैक्सियों में जान जोखिम में डाल कर रहे सफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर से ग्रामीण अंचलों की ओर जाने वाली टैक्सियों में ओवरलोडिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हनुमान चौराहे से ऊमरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चलने वाले कई छोटे वाहनों में क्षमता से कहीं अधिक सवारियां बैठाई जा रही हैं। हालात यह हैं कि वाहन के अंदर जगह नहीं बचने पर लोग पीछे लटककर और दरवाजे के पास बैठकर सफर करते नजर आ रहे हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। त्यौहारों पर शहर की सडक़ पर ऐसी ही एक टैक्सी दिखाई दी। वाहन में अंदर से लेकर पीछे तक सवारियां ठुंसी हुई थीं। छोटे बच्चों को लेकर भी लोग जोखिम भरा सफर कर रहे थे। कुछ यात्री वाहन के पिछले हिस्से में खुले स्थान पर बैठे नजर आए। वाहन गुना से उमरी की ओर जा रहा बताया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हनुमान चौराहे सहित शहर के कुछ प्रमुख स्थानों से प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए टैक्सियां सवारियां भरती हैं। आरोप है कि कई वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जाता है। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आती।

ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन के सीमित विकल्प होने के कारण लोगों को मजबूरी में ऐसे वाहनों में सफर करना पड़ता है। सबसे ज्यादा खतरा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को रहता है। तेज रफ्तार या अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में पीछे बैठे यात्रियों के गिरने का खतरा बढ़ जाता है। लोगों ने यातायात पुलिस और परिवहन विभाग से मांग की है कि ग्रामीण रूटों पर चलने वाले ओवरलोड वाहनों की नियमित जांच की जाए। हनुमान चौराहे जैसे प्रमुख सवारी प्वाइंटों पर भी निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले लापरवाही पर रोक लग सके।

बीनागंज के निचला बाजार में सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी व सोने के जेवरात पर चोरों ने बोला धावा

चांचौड़ा। जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीनागंज स्थित निचला बाजार में चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की नकदी और सोने के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार गांव में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होने गया था, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने ताले तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी संतोष मीणा (40) निवासी रामानंद आश्रम के पास, निचला बाजार बीनागंज अपने परिवार के साथ गांव घाटाखेड़ी में गत दिवस से चल रही भागवत कथा में गए हुए थे। रात करीब 11:45 बजे संतोष मीणा अपने बीनागंज स्थित मकान को चेक करने आए थे, तब मुख्य गेट का ताला सुरक्षित था। इसके बाद वे वापस गांव लौट गए। अगले दिन सुबह करीब 8:30 बजे जब फरियादी बच्चों को स्कूल छोडने बीनागंज आए, तो देखा कि मकान के मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर निरीक्षण करने पर सभी कमरों के ताले टूटे मिले और सामान अस्त-व्यस्त बिखरा हुआ था। अलमारी की जांच करने पर उसमें रखे एक जोड़ी सोने के कान के लटकन, एक सोने की अंगूठी और करीब 20,000 रुपये नकद गायब थे।

तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर, बहन गंभीर घायल, भोपाल रैफर

गुना। जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरदीप ढाबे के सामने देवनारायण मंदिर के पास एबी रोड पर एक सड़क हादसा सामने आया है। इंदौर से अपने गांव करोंद लौट रहे बाइक सवार परिवार को पीछे से आ रहे बेकाबू कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। फरियादी धनराज अहिरवार (19) निवासी करोंद अपनी बाइक एमपी 08-5092 से बहन मुस्कान अहिरवार और ममेरी बहन वंदना अहिरवार के साथ घर आ रहा था। गत शाम करीब 4:30 बजे कंटेनर एचआर 55 एडी 6655 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। मुस्कान अहिरवार को सिर, पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद 1033 एंबुलेंस की मदद से घायलों को ब्यावरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से मुस्कान की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद गुना और फिर भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। धनराज की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी

गुना। जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलावटी में शराब के नशे में धुत एक युवक ने ग्रामीण के साथ अभद्रता करते हुए पाइप से हमला कर मारपीट कर दी। फरियादी सोरमसिंह धाकड़ (46) ने अपने चचेरे भाई सागर धाकड़ के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत रात करीब 9 बजे वह गांव के रामजानकी मंदिर के पास बैठा था। तभी गांव का आशू धाकड़ शराब के नशे में आया और उसके कंधे पर हाथ रख दिया। फरियादी द्वारा हाथ हटाने से मना करने पर आरोपी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पाइप से हमला कर दिया।

लाखों रुपए भुगतान के बाद भी अंधेरे में 'गुना', सुधार न होने पर दी चेतावनी

नपाध्यक्ष ने विद्युत वितरण कंपनी पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर में लगातार ध्वस्त हो रही स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और मुक्तिधामों में अंधेरे के बीच अंतिम संस्कार होने के मामलों को लेकर नगर पालिका परिषद गुना ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने प्रेस नोट जारी कर मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी गुना की कार्यशैली और कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाखों रुपये का नियमित भुगतान करने के बावजूद विद्युत मंडल शहर की सड़कों और प्रमुख स्थानों को रोशन रखने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि विगत दिनों समाचार पत्रों में कैंट स्थित श्रीराम मुक्तिधाम तथा बूढ़े बालाजी क्षेत्र के मातापुरा मुक्तिधाम में अंधेरे के बीच शवों के अंतिम संस्कार होने की अत्यंत खेदजनक खबरें प्रकाशित हुई थीं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से काफी समय पूर्व ही नगर पालिका द्वारा विद्युत विभाग को लिखित पत्रों एवं अधिकृत व्हाट्सएप गु्रप के माध्यम से फाल्ट होने की सूचनाएं लगातार दी जा रही थीं। इसके बावजूद विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने समय रहते फाल्ट दुरुस्त करने में कोई रुचि नहीं दिखाई, जिसके कारण शहर की आम जनता को अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार तक अंधेरे में करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और विद्युत विभाग की घोर लापरवाही का प्रतीक है।

नपाध्यक्ष के अनुसार नगर पालिका परिषद गुना द्वारा प्रति माह लगभग 1 लाख 91 हजार 476 रुपये की भारी-भरकम राशि का भुगतान विद्युत विभाग को केवल स्ट्रीट लाइट के रखरखाव, मेंटेनेंस तथा लाइनों को दैनिक रूप से चालू व बंद करने की व्यवस्था के लिए किया जाता है। इसके बावजूद विद्युत विभाग द्वारा न तो समय पर लाइटें चालू-बंद की जा रही हैं और न ही फाल्ट हुई लाइनों की दुरुस्ती की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) द्वारा पत्र क्रमांक 1441/26 दिनांक 18 मई 2026 तथा स्ट्रीट लाइट व्हाट्सएप ग्रुप पर 18 अगस्त 2026 को रात्रि 7:36 बजे एवं 19 अगस्त 2026 को सुबह 10:56 बजे कैंट, अशोकनगर रोड, मातापुरा मरघट शाला की फाल्ट लाइन की रिपोर्ट बाकायदा प्रेषित की गई थी। इसके बाद भी विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया, जिससे नगर पालिका परिषद की छवि जनता के बीच लगातार खराब हो रही है और नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नपाध्यक्ष ने व्यवस्था की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्व में नगर पालिका अध्यक्ष, तत्कालीन सीएमओ, पार्षदों और विद्युत वितरण कंपनी गुना के पूर्व महाप्रबंधक के साथ हुई संयुक्त बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। इसके तहत लाइनों के फाल्ट का तुरंत निराकरण करने और समय पर लाइट चालू-बंद कराने के लिए एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था। जिसकी निगरानी दोनों विभागों द्वारा संयुक्त रूप से की जानी तय हुई थी। शुरुआत में इस व्यवस्था से शिकायतों का तेजी से निराकरण हुआ और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में काफी सुधार देखा गया था। लेकिन पिछले कुछ महीनों से विद्युत विभाग द्वारा इस निगरानी व्यवस्था को पूरी तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि वर्तमान में विद्युत विभाग प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप पर दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं कर रहा है। रात्रि के समय यदि कोई फ्यूज या फेस फाल्ट होता है, तो उसे ठीक करने वाला कोई नहीं होता। इस संबंध में एमपीईबी गुना के महाप्रबंधक अशोक शर्मा से संपर्क किया तो बात नहीं हो सकी।

भगवान लव-कुश जन्मोत्सव पर निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भगवान लव-कुश जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में भगवान लव-कुश का चल समारोह निकालने की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। यह चल समारोह स्थानीय मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगा। इस धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए वार्ड पार्षद नरेंद्र कुशवाहा को सर्वसम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया है, जिनके नेतृत्व में संपूर्ण कार्यकारिणी गठित की गई है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि चल समारोह को समाज की एकता, संस्कृति और आस्था के पर्व के रूप में ऐतिहासिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा। समिति में उपाध्यक्ष पद पर सहदेव कुशवाह, अजय कुशवाह, नंदा कुशवाह, श्याम कुशवाह, सौरभ कुशवाह, अनिल कुशवाह एवं महेंद्र कुशवाह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सचिव पद का प्रभार हेमराज कुशवाह, मोनू कुशवाह एवं वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद महेश कुशवाह को दिया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में महेंद्र कुशवाह (आरा मशीन), परमाल बबलू कुशवाह एवं जगदीश कुशवाहा व्यवस्था संभालेंगे। मंत्री पद पर लोकेश कुशवाह, मोनू कुशवाहा, गोलू कुशवाह, विजय कुशवाहा, अर्जुन कुशवाह एवं रामजीलाल कुशवाह को शामिल किया गया है। प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भूपेंद्र कुशवाह, रामकृष कुशवाह, प्रेम कुशवाह, देवराज कुशवाह, राकेश कुशवाह एवं प्रबल कुशवाह को दी गई है, जबकि मीडिया एवं प्रचार-प्रसार का प्रभार दीपक कुशवाह एवं नरेंद्र कुशवाह संभालेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के वरिष्ठजनों जगदीश कुशवाह, बृजमोहन कुशवाह आदि मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

राष्ट्रीय बैंड इंदौर ने दी प्रस्तुति, कौमी एकता की मिसाल बना गुना



कुंभराज। शहर में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कौमी एकता, सद्भाव और भारतीय संस्कृति की एक अनुपम और खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान आमंत्रित राष्ट्रीय बैंड इंदौर के कलाकारों ने कार्यक्रम का शानदार शुभारंभ मंगलाचरण और भगवान पारसनाथ स्तुति के साथ किया। मुस्लिम समाज के इस प्रमुख धार्मिक आयोजन में जैन धर्म के पावन मंगलाचरण की मधुर स्वर लहरी गूंजते ही पूरा माहौल गंगा-जमुनी तहजीब के रंग में रंग गया। वहां मौजूद लोगों ने इस पहल की दिल खोलकर सराहना की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विभिन्न धर्मों और आस्थाओं का यह परस्पर सम्मान ही असली भारत भूमि की पहचान है। राष्ट्रीय बैंड इंदौर की इस प्रस्तुति ने शहरवासियों का दिल जीत लिया और यह संदेश दिया कि गुना की धरती हमेशा से प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक सौहार्द की प्रतीक रही है।

नगर पालिका परिषद में नवनियुक्त एल्डरमैन का किया गया सम्मान



गुना। नगर पालिका परिषद हॉल में शासन द्वारा हाल ही में नियुक्त छह नामांकित पार्षदों (एल्डरमैन) के परिचय एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, सीएमओ शैलेश अवस्थी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी और पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने नव नियुक्त एल्डरमैन वंदना राठौर, अरुणा सुमन, हरि चरण वर्मा, घासीराम अहिरवार, शील वर्मा तथा सुनील सोनी को पुष्पगुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने सभी नव नियुक्त एल्डरमैन से शहर के चहुंमुखी विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं का सहजता से निराकरण कराने का अनुरोध किया। सीएमओ शैलेश अवस्थी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका का यही स्टाफ शहर के विकास कार्यों को अंजाम देता है, इसलिए सभी नामांकित पार्षद कर्मचारियों के साथ समन्वय और सहयोग बनाकर शहर के विकास में भागीदार बनें। इस अवसर पर पार्षद ममता तोमर, दिनेश शर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पेड़ों को राखी बांधकर लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प

'एक राखी–एक संकल्प' नशे से बचने का भाईयों को संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में "एक राखी–एक संकल्प, एक राखी–एक रिश्ता : पेड़ को राखी, प्रकृति से भाईचारा" विषय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यालय में राखी मेकिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता , पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता आदि अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने आकर्षक एवं रचनात्मक राखियां बनाईं।

कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कन्याल, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्म सोनी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, पार्षद दिनेश शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर, एमएलबी विद्यालय की प्राचार्य मृदुला सक्सेना, एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य एचएन जाटव सहित जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षों को राखी बांधकर उनकी रक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेने के साथ हुआ। इसके बाद माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं स्वागत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। छात्राओं ने अतिथियों को राखी बांधने के साथ वृक्षों को भी राखी बांधकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। अतिथियों ने कहा कि जिस प्रकार भाई-बहन एक-दूसरे की रक्षा का संकल्प लेते हैं, उसी प्रकार मनुष्य का भी प्रकृति एवं वृक्षों की रक्षा करना दायित्व है। कलेक्टर किशोर कन्याल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में प्रत्येक विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें, लेकिन इसके साथ एक अच्छा नागरिक बनने का प्रयास अवश्य करें। उन्होंने कहा कि "विकसित भारत 2047" के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक नागरिक और विद्यार्थी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को तकनीक के क्षेत्र में अपडेट रहना चाहिए तथा नई तकनीकों का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक अच्छे नागरिक के रूप में देश के विकास में अपना योगदान जरूर दें।

आरबीएसके बना उम्मीद की किरण, मुंबई में सर्जरी के बाद लौटी मासूम की मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 माह के मासूम अयांश को सफल उपचार मिलने के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट आया है। अयांश जब तीन माह का था, तब बार-बार बीमार पड़ने पर जांच कराने से पता चला कि उसके दिल में छेद है। परिजन उपचार के लिए उसे पलवल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद अयांश के मामा प्रदुमन मीणा उसे डॉ. अजय गुप्ता के पास ले गए, जिन्होंने उसे जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र रेफर कर दिया। यहां प्रबंधक विनीता सोनी ने परिजनों को शासन की निःशुल्क उपचार योजना की पूरी जानकारी दी। योजना के तहत अयांश को अस्पताल मुंबई भेजा गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 12 अगस्त 2026 को उसकी सफल हृदय सर्जरी की। स्वस्थ होने पर अयांश अपने घर वापस आ गया। पूरी तरह निःशुल्क हुए इस इलाज के लिए मामा प्रदुमन मीणा ने स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन का आभार जताया।

विधायक प्रियंका की पहल से विदिशा-कोटा एक्सप्रेस-वे को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



मध्यप्रदेश के विदिशा से राजस्थान के कोटा के बीच प्रस्तावित नए एक्सप्रेस-वे को मंजूरी मिलने की खबर से चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस महत्वपूर्ण मार्ग को लेकर क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पैंची द्वारा लगातार की गई पहल और केंद्र सरकार के समक्ष रखी गई मांग अब धरातल पर साकार होती दिखाई दे रही है। विधायक प्रियंका पैंची ने वर्ष 2024 में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को पत्र लिखकर चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के मकसूदनगढ़ से अकलेरा (राजस्थान) तक राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत किए जाने की मांग प्रमुखता से रखी थी।

पत्र में उन्होंने बताया था कि इस मार्ग के बनने से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच आवागमन सुगम होगा तथा यात्रियों, व्यापारियों और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। अब सामने आई जानकारी के अनुसार विदिशा–कोटा के बीच करीब 275 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे के निर्माण का प्रस्ताव आगे बढ़ा है। प्रस्तावित मार्ग कोटा–झालावाड़–अकलेरा–मकसूदनगढ़–बैरसिया–विदिशा को जोड़ेगा। इस परियोजना पर लगभग 5,500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान बताया गया है।चाचौड़ा क्षेत्र के लिए क्यों महत्वपूर्ण है यह मार्ग?प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे से मकसूदनगढ़, अकलेरा और आसपास के क्षेत्रों को तेज और बेहतर सड़क कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और आम यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी।

संस्कृति को बेहतर बनाने के लिए क्राइस्ट सीनियर सेकंडरी स्कूल में खेलो इंडिया संवाद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



क्राइस्ट सीनियर सेकंडरी स्कूल, गुना में शुक्रवार को 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्राइस्ट स्कूल के उप-प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज और जिला खेल अधिकारी दुर्गेश चंद्र सक्सेना रहे। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर दिए गए प्रधानमंत्री के खेल-संबंधी भाषण के मुख्य अंशों को दर्शाने वाला एक संक्षिप्त वीडियो प्रदर्शित किया गया। इसके पश्चात, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में खेल संस्कृति को बेहतर बनाने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि हमें ओलंपिक की अधिक से अधिक श्रेणियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण को याद करते हुए 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी और 5 से 15 वर्ष की आयु के उभरते खिलाड़ियों की पहचान के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज शुरू करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में नशा मुक्त युवा अभियान की अनिवार्यता और खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में छात्रों और गुना के राष्ट्रीय स्तर के जूडो खिलाड़ी मोनू कुशवाह के बीच एक प्रेरणादायक संवाद हुआ। उन्होंने अपनी चार साल की खेल यात्रा के अनुभवों और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के अपने संघर्षों को छात्रों के साथ साझा किया।

जिला खेल अधिकारी दुर्गेश चंद्र सक्सेना ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी पूरी सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान माई भारत टीम गुना द्वारा युवाओं को खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के माध्यम से साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

हेमाद्रि संकल्प व श्रावणी उपाकर्म का कार्यक्रम किया आयोजित

आमखोह में स्वाध्याय सेवा समिति का दस विधि प्रायश्चित स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आमखोह धाम में श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा वैदिक परम्परा एवं शास्त्रोक्त विधि के अनुसार दस विधि प्रायश्चित स्नान, हेमाद्रि संकल्प एवं श्रावणी उपाकर्म का धार्मिक आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रायश्चित स्नान के माध्यम से आत्मशुद्धि का भाव रखते हुए अपने जीवन में जाने- अनजाने हुए दोषों एवं गलत आचरण को छोड़ने का संकल्प लिया। इसके पश्चात हेमाद्रि संकल्प के माध्यम से आत्मचिन्तन, प्रायश्चित तथा भविष्य में सदाचारपूर्ण जीवन जीने का दृढ़ निश्चय किया गया। श्रावणी उपाकर्म के अवसर पर ऋषि परम्परा, वेदाध्ययन एवं स्वाध्याय के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए यज्ञोपवीत संस्कार/परिवर्तन, देव-ऋषि-पितृ तर्पण तथा वैदिक मंत्रोच्चार किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि उपाकर्म केवल बाहरी कर्मकाण्ड नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मचिन्तन और जीवन में श्रेष्ठ गुणों को अपनाने का अवसर है। सत्य, संयम, स्वाध्याय, सेवा, सदाचार, क्षमा, अहिंसा एवं कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में उतारना ही इसकी सार्थकता है। आयोजकों ने कहा कि वैदिक परम्पराओं का उद्देश्य मनुष्य को अज्ञान, दुर्व्यसन, कुरीतियों एवं अशुभ आचरण से दूर कर ज्ञान, संस्कार और सदाचार की ओर ले जाना है। इस अवसर पर गाँव गाँव में स्वाध्याय करने वाले स्वाध्याय प्रमुखों को प्रशिक्षण दिया गया जिससे गाँव गाँव में साप्ताहिक श्रीमद् भगवद् गीता स्वाध्याय प्रारम्भ किया जा सके। वर्तमान में समिति द्वारा 31 ग्रामों में साप्ताहिक स्वाध्याय संचालित किया जा रहा है।

अशोकनगर शहर में 380 ट्रांसफार्मर के माध्यम से की जाती है बिजली की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अशोकनगर शहर में उपभोक्ताओं को बिजली प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहर में 380 ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं जिनके माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई जाती है, जबकि जिले में 22 हजार ट्रांसफार्मर हैं। विधुत वितरण कंपनी के डिवीजनल इंजीनियर तोमर ने बताया कि अशोकनगर जिले को बिजली की आपूर्ति बीना से 222 केवी प्रदान की जाती है, और इटारसी के कोटिया से 132 केव्ही के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई जाती है।

अशोकनगर जिले में बिजली की राशि उपभोक्ताओं पर 200 करोड़ रूपए बकाया है, जिसकी बसूली के लिए हर वितरण केन्द्र पर एक टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की आरडीएफएस योजना के अंतर्गत सब स्टेशन से लेक ट्रांसफार्मर तक सुधार का कार्य किया जा रहा है। पहले एक ही फीडर होता था। फीडर सेपरेशन का कार्य 2 साल से जारी है 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की योजना के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं अभी तक जिले में 15 से 20 प्रतिशत ही काम हो पाया है। अधिकांश उपभोक्ताओं को आशंका है कि यह मीटर तेज चलते है। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य योजना के अंतर्गत अशोकनगर शहर में सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं शहर में 5000 सोलर प्लांट लगाए जा चुके है, 30 हजार उपभोक्ता शहर के अंदर है।

टूटकर नीचे गिरी केबिल की चपेट में आया युवक

बरखेड़ा जमाल में विभाग की लापरवाही के चलते युवक की चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा जमाल में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक युवक की जान चली गई। आए दिन मेंटेनेंस एवं बिजली कटौती करने के बाद भी लाइन का मेंटेनेंस नहीं हो सका। इस कारण बहादुरपुर तहसील के ग्राम पंचायत बरखेड़ा जमाल में शंकर जी के मंदिर के पास करंट लगने से दीपेश तिवारी नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि केबिल अपने आप टूटकर नीचे गिर गई थी उसकी चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बहादुरपुर जेई ने हर गांव में प्राइवेट लड़कों को रखा है। लाइनमेनों द्वारा हर गांव में एक टेंप्रेरी हेल्पर लगा रखा है जो हर गांव में लाइट का काम करते रहते हैं। जनता से 100-200 रूपये लेकर लाइट को काटना जोड़ना इनके ही हाथ में रहता है। जिनके पास न तो कोई किट है ओर न ही कोई अनुभव है। लाइनमैन तो सिर्फ ऑफिस में रहते हैं। जब जे ई बहादुरपुर ओर एस ई अशोकनगर दोनों से इस बारे में जानना चाहा तो दोनों ने फोन नहीं उठाया।

आईटीआई में प्रवेश के लिए छठवां सीएलसी राउंड की अंतिम तिथि आज

श्योपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर में प्रवेश के लिए छॅठवा सीएलसी राउंड 25 अगस्त से शुरू हो गया है। आईटीआई प्राचार्य श्योपुर निखिल कुजुर ने बताया कि सीएलसी राउंड के लिए नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वॉइस फिलिंग अथवा त्रुटि सुधार 25 अगस्त से 29 अगस्त तक कर सकते हैं। आवेदक स्वैच्छा से अधिकतम 5 ट्रेड के च्वॉइस भर सकते है। च्वॉइस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही होगा।

महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजित किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला प्रशासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ ऐक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, ईको क्लब, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के प्रति संवेदनशीलता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्थित विभिन्न वृक्षों को छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा राखी बाँधी गई और उनकी रक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संतुलन, जलवायु परिवर्तन तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के संबंध में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं और उनकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वृक्षों को राखी बाँधने की पहल के माध्यम से रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए समाज में प्रकृति के प्रति प्रेम एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

बैठकों तक सीमित बने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास

शहर में पल-पल में लग रहा जाम, दौड़ने के बजाए रेंग रहा ट्रैफिक, आमजन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पूरे प्रदेश में शायद श्योपुर ऐसा जिला मुख्यालय है जहां सड़कों पर वाहन दौड़ते नहीं बल्कि रंगते हैं। यही कारण है कि इस रेंगते यातायात को कभी लाल हरी पीली बत्तीयां लगाकर नियंत्रण करने की और सरकार का ध्यान ही नहीं गया। उधर जिले के आला अधिकारी इस बिगडी व्यवस्था का सुधारने के लिए गाहे-बगाहे सड़क सुरक्षा यात्रा यातायात सुधार और शहर शहर सौंदर्य करण के नाम पर बैठक करते ही रहते हैं लेकिन इन बैठकों में लिए जाने वाले फैसले बैठक से आगे नहीं बढ़ सके हैं।

सड़कों पर लग रहे हैं ठेले

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने में ठेला-खोमचा वाले भी बड़ी मुसीबत हैं। नगरपालिका के सामने, गांधी पार्क, बस स्टैंड के पास, अंबेडकर पार्क के सामने सहित अन्य जगह करीब 400 से अधिक ठेला-खोमचा वाले सड़क पर ही खड़े रहते हैं। इनके लिए प्रशासन ने जगह भी उपलब्ध कराई है। हॉकर्स

ऑटो बन रहे मुसीबत का कारण

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ने में सबसे ज्यादा ऑटो और ई-रिक्शा मुसीबत बने हुए हैं। शहर में करीब 400 ऑटो और 200 के करीब ई-रिक्शा हैं, जो सवारियां भरने के लिए मनचाही जगहों पर खड़े हो जाते हैं। हालांकि कई बार यातायात विभाग और जिला प्रशासन बैठक कर फोटो के रूट निर्धारित करने और स्टैंड के करने की कवायद करता है लेकिन यह निर्धारण सिर्फ बैठक तक सीमित रहता है। जिसके चलते बाजार में ऑटो भी यातायात बिगड़ने का काम कर रहे हैं।

इनका कहना है...

शहर में यातायात का बोझ कम करने के उद्देश्य हाल ही में संपन्न हुई परिषद की बैठक में वार्ड 10 नागदा रोड से बंजारा डेम तक आंतरिक बाईपास बनाने के लिए पुलिया निर्माण की स्वीकृति मिल गई है पार्किंग भी जगह-जगह विकसित करने के प्लानिंग बना ली गई है बायपास रोड पर पार्क के पास चौपाटी बाजार बनकर तैयार होने वाला है जिस शहर सौंदर्य करने के साथ यातायात से मुक्ति मिलेगी।

नरेंद्र जाटव
सीएमओ श्योपुर

भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता 11 सितंबर से

श्योपुर। भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी 14 विद्याओं एवं 64 कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी चयनित किये जायेगे। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा यह ऑनलाइन प्रतियोगिता 11 से 30 सितंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित लिंक अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूल स्तर के 51 तथा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर के 51, कुल 102 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को एक लाख रुपये की एकमुश्त छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

खबर संक्षेप

करंट लगने से किशोर की मौत

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत गरेंठी निवासी 15 वर्षीय किशोर रविन्द्र पुत्र श्रीपाल लोधी जब खेत पर पानी देने के लिए मोटर चालू करने गया था, तभी उसे करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

60 लीटर शराब और बाईक बरामद

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने केशोपुर तिराहे के पास थानसिंह,गोलू लोधी, को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 60 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाईक भी बरामद की है। इसी प्रकार ईसागढ पुलिस ने किशन सिंह आदिवासी निवासी आकलोन के पास से 5 लीटर और जंघार निवासी जुगता जाटव के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

जहरीली दवा पीने से किशोरी की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम महाना निवासी दिव्यांशी पुत्री राकेश चिड़ार उम्र 16 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत दीपक आदिवासी पुत्र मलखान आदिवासी उम्र 19 साल निवासी ग्राम रूपगढ़ फुटेरा मामोन रोड़ पर खंती के पानी मे नहाने के लिए गया था, जहां पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है ,मामले की जांच की जा रही है।

नगरपालिका ने मुख्य सड़क मार्गों पर पेड़ों की छटाई की



अशोकनगर। स्थानीय वायपास रोड पर सड़क के बीचों बीच डिवाइडर पर नगरपालिका द्वारा जो पेड़ लगाए गए थे, वह पेड़ अब बड़े आकार में नजर आने लगे हैं जिसके देखते हुए नगरपालिका द्वारा पेड़ों की छटाई का अभियान चलाया गया। जिससे पेड़ एक जैसे लगे औरं सुदंर दिखें। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि इन पेड़ों को लगाते समय इनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया था, चारों तरफ से पेड़ों की सुरक्षा को लेकर जालियां लगाई गईं थी,ताकि पेड़ों को लगाने के साथ साथ उनकी सुरक्षा का संकल्प निभाया जा सके। इसके अलावा पूरे ग्रीष्मकाल में भी पेड़ो को पानी देने की दिशा में भी नगरपालिका ने पर्याप्त ध्यान दिया। जिसके बाद मौसम की अनुकूलता और प्राकृतिक आवोहवा बेहतर मिलने से यह पेड़ जल्द ही बड़े आकार में दिखाई देने लगे हैं। पिछली वर्षाकाल में यह लगाए गए थे इस वर्षाकाल में उन्हें और पानी मिलने के कारण इनका आकार अब बड़ गया है। जिसके कारण इन पेड़ों की छटाई का अभियान चलाया गया।

बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधे रक्षा के सूत्र

भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व उत्साह से मनाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्यौहार अशोकनगर शहर में उत्सव के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक सजाए और रक्षा के सूत्र बांधे। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प दोहराया। परस्पर विश्वास आस्था और संस्कृति का अनुपम पर्व पूरे दिन मनाया गया। इस बार उदया तिथि में यह पर्व होने के कारण सुबह से ही शुरुआत हो गई थी। कई लोगों ने शुभ मुहूर्त में रक्षा के सूत्र बंधवाएं।

अशोकनगर शहर में इस त्यौहार को लेकर जहां बहनें भाइयों के घर जाती देखी गइर, वहीं भाई बहनों के घर आए। बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक सजाए, रुमाल और नारियल प्रदान किया। इसके बाद रक्षा के सूत्र बांधे। भाइयों ने अपनी क्षमता अनुसार बहनों के लिए रक्षाबंधन के इस पर्व पर उपहार प्रदान किये। रक्षाबंधन का यह त्यौहार इस बार भी शुभ संजोग लेकर आया था इन संजोगों में यह पर्व मनाया गया। सुबह से देर शाम तक यह पर्व मनता रहा। शहर में अनेक लोगों ने एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर इस पर्व को मनाया। वहीं शहर से आसपास के जिले और अन्य स्थानों पर जाने वाले बस वाहनों में भी लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं दूसरी ओर यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में भी लोगों की भीड़ रही। रक्षाबंधन के इस पर्व पर अशोकनगर के जिला जेल में भी बहनें अपने भाइयों को रक्षा के सूत्र बांधनें पहुंची। उधर दूसरी ओर जो महिला बंदी है और जेल में है उनसे रक्षा के सूत्र बंधवाने के लिए भाई भी पहुंचे। प्रवेश से पहले पहचान पत्र से प्रवेश दिया गया। प्रत्येक बहन को 10 मिनट का समय प्रदान किया गया था। जेल प्रशासन द्वारा कुमकुम और तिलक का इंतजाम किया गया था। एक निर्धारित अवधि के आधार पर और जेल विभाग द्वारा दिए गए, निर्देश के अनुसार यह रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। पूरे दिन रक्षाबंधन का पर्व मनता रहा। अनेक बहनें जब भाइयों के हाथों में जिला जेल में रक्षा के सूत्र बांध रहीं थी तब उनके आंखों में आंसू देखे गए। बहनों ने भाइयों से कहा कि इस बात की शपथ ले कि आज के बाद कभी कोई अपराध नहीं करेंगे। भाइयों ने बहनों को आस्वस्त किया कि बहनों की बात को मानेंगे वह जीवन में कभी इस तरह का कोई अपराध नहीं करेंगे।

वीडियों कॉलिंग के माध्यम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया

उधर दूसरी ओर कई भाई ऐसे भी थे जो अपनी बहनों के पास नहीं पहुंच पाए ऐसे परिवार जनों ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया। ऐसे अनेक भाई हैं जो अपनी नौकरी के लिए अपने घरों से महानगरों में पदस्थ है और इस त्योहार पर नहीं आ पाए उन्होंने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से रक्षाबंधन का यह पर्व मनाया। इसके अलावा इस देश की धरती से बाहर जो भाई बहन है। उन्होंने भी एक दूसरे को रक्षाबंधन के पर्व की शुभकामनाएं दी और वीडियो कॉलिंग के माध्यम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

देश की सरहद पर तैनात सैनिकों ने भी वीडियो कॉल के माध्यम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया

ऐसे भी कई परिवार है जिनके भाई सेना में पदस्थ है और वह भाई देश की सरहद पर ड्यूटी देने के कारण अपनी बहनों के पास नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसी बहनों की आंखों में भी आंसू देखे गए और उन्होंने अपने भाइयों को याद किया तथा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से बहने भी अपने सेना में तैनात भाइयों से वीडियो कॉलिंग पर रक्षा बंधन का पर्व मनाते देखे गए। भाइयों ने बहनों को रक्षा का वचन दिया इस तरह भारतीय संस्कृति का यह अनुपम त्यौहार पूरे दिन शहर में मनता रहा।



जैन मंदिर में मनाया रक्षा बंधन का पर्व

बंधन के बिना रक्षा असम्भवः मुनि श्री निरंजन सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रक्षाबंधन के अवसर पर पुराना बाजार स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रक्षाबंधन विधान का आयोजन किया गया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने कहा कि संयम के दो अर्थ हैं पहला संयम के मायने है जीवन को अनुशासित करना। अर्थात आत्मानुशासन, आत्म नियन्त्रण है। दूसरा संयम के मायने है अपनी संकल्प शक्ति को, अपनी विल पावर को बढ़ाना।

आज नई पीढ़ी को शिकायत है कि हमे अपने ऊपर विश्वास नहीं है, हमारा आत्म विश्वास कम हो रहा है, हमारी संकल्पशक्ति कम होती जा रही है, क्यों? कम क्यों नहीं होगी? हमने अपने जीवन को संयमित करने का प्रयत्न ही नहीं किया है। हम अपने जीवन को संयमित करे, तो मालूम होगा अपनी संकल्प शक्ति का। जिसकी संकल्पशक्ति जितनी अधिक होती है, वह अपने जीवन को उतना ही संयमित कर लेता है। उन्होंने कहा कि यदि नदी के दोनों किनारे मजबूत न हो तो वह नदी जहाँ- वहाँ फैलकर नष्ट हो जाती है, वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच सकती। इसी प्रकार यदि हम अपने जीवन को अनुशासित करें, व्यवस्थित करें तभी हमारा जीवन ऊँचा उठ सकता है। आज संयम को लोग बंधन मानने लगे है। जैसे एक बेल या लता यदि ऊँचाई छूना चाहे तो उसे किसी वृक्ष का या किसी लकड़ी का सहारा लेना जरूरी है। वह उसके सहारे धीरे-धीरे ऊपर बढ़ती चली जाती है और यदि उस बगीचे का माली कुशल है तो वह उस लता के साथ उसके सहारे (वृक्ष/लकड़ी) में हल्का-सा बंधन भी डाल देता है जिससे वह ऊपर की ओर ही बढ़ती रहती है। ऐसा ही बंधन आपकी रक्षा कर सकता है। बिना बंधन के रक्षा सम्भव ही नहीं है। आज बच्चों को पारिवारिक, सामाजिक बंधन स्वीकार नहीं आते हैं। जिसके दुष्परिणाम सामने देखने में आ रहे हैं। आज संबंधों का महत्त्व घटता जा रहा है। जिसके कारण अराजकता का वातावरण निर्मित हो रहा है। इसका एक ही समाधान है मर्यादा। जब-जब भी मर्यादा का उल्लंघन होता है तब-तब रावण राज्य आता है। और जहाँ पर मर्यादा का पालन होता है, वहाँ रामराज्य रहता है। आज हमे आजादी तो मिल चुकी है, पर रामराज्य की स्थापना अभी बाकी है। जहाँ बंधन है वहाँ रक्षा है। यह बंधन ही सहारा है,आज की पीढ़ी इस व्यवस्था को न समझकर बंधन को अस्वीकार कर बेसहारा हो रही है।

पिच्छी को बांधी राखी

जैन श्रद्धालुओं ने विधान के दौरान मुनि श्री की पिच्छी को राखी बांधकर जैन मुनियों की रक्षा करने का संकल्प लिया।जैन शास्त्रों के अनुसार रक्षाबंधन के दिन विष्णुकुमार मुनि ने अकंपनाचार्य आदि 700 मुनियों का उपसर्ग दूर किया था। उसी दिन से जैन धर्मावलंबी रक्षा बंधन का पर्व मनाते आ रहे हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक पेड़ मां के नाम अभियान

पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर एवं पेड़ लगा कर लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प



अशोकनगर। शासकीय महाविद्यालय सहराई में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ईको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ एक पेड़ मां के नाम' तथा पेड़ को राखीदृप्रकृति से भाईचारा' कार्यक्रम पौधा रोपण करना, पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधना प्रकृति के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और संरक्षण की भावना को मजबूत करता है-ब्रजेन्द्र सिंह यादव,रासेयो स्वयं सेवक फूल के साथ फलदार पेड़ अवश्य लगायें, जिम्मेदारी लें, सरक्षण करे। कलेक्टर साकेत मालवीय ने रक्षाबंधन पर्व को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार देने तथा जल, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय सेहराई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इको क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम एवं रक्षाबंधन के अवसर पर 'पेड़ को राखीदृप्रकृति से भाईचारा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर साकेत मालवीय, पूर्व मंत्री एवं विधायक ब्रजेंद्र सिंह यादव, आलोक तिवारी भाजपा जिला अध्यक्ष, जिला खेल अधिकारी अरुण कुमार रघुवंशी, मुंगावली एस डी एम ब्रजबिहारी श्रीवास्तव, एसडीओपी सनम बी खान, अम्बरीश बेस अभय सिंघई, डॉ अली अहमद कुरैशी, रविन्द्र कुमार रीतोरिया मानसी रघुवंशी, भूरक्षा दुबे सहित एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 15 फूलदार चांदनी, कनेर, गुड़हल, लाल चंपा एवं 10 पौधे अशोक, आम, कटहल के पौधों का रोपण भी किया गया। स्वयंसेवकों ने पौधों की देखभाल एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

भाईयों ने लिया बहनों की रक्षा व सम्मान का संकल्प

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार को पिपरई नगर सहित आसपास के सभी गांवों एवं क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों और घरों में रक्षाबंधन की रौनक देखने को मिली। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक राखी बांधी तथा भाइयों के सुखी एवं उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों से अपनी रक्षा के साथ- साथ समाज की सभी माता-बहनों और बेटियों की सुरक्षा एवं सम्मान की रक्षा का वचन मांगा। भाइयों ने भी बहनों को विश्वास दिलाते हुए संकल्प लिया कि वे सदैव बहन-बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के लिए खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में किसी भी बहन या बेटी के साथ अत्याचार, अन्याय अथवा जुल्म होता है तो उसे सहन नहीं किया जाएगा।

भाइयों ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण के दौर में हमारी बहन-बेटियां शिक्षा, खेल, प्रशासन, व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं। अनेक बेटियां ऊंचे-ऊंचे मुकाम हासिल कर रही हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह बहन-बेटियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करे और उनके सम्मान की रक्षा करे। रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर भाई-बहन के प्रेम के साथ-साथ नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश भी देखने को मिला।

रक्षाबंधन के दिन श्रावण माह महोत्सव का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रावण माह महोत्सव के चलते शुक्रवार को रक्षाबंधन के अवसर पर सुबह प्रातः 6 से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया था। भगवान भोलेनाथ के मंदिर में विराजित श्री गणेश जी का पूजन किया गया उनको राखी समर्पण की गई तथा मां दुर्गा जी को सुहाग सामग्री अर्पण की गई।

उसके बाद भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से विधिवत स्नान कराया गया बाद में जलधारा से भगवान भोलेनाथ का गंगाजल कच्चा दूध मिलाकर अभिषेक किया गया। उनको राखी अर्पण की गई श्री हनुमान जी महाराज को भी विधिवत पांचों उपचार से पूजन किया गया उनको भी राखी समर्पित की गई। सभी श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर पर पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा राखी बांधी गई। एक महीना से चला आ रहा श्रावण महोत्सव का विधिवत श्रावणी उपा क्रम किया गया। भगवान शिव शंकर के ओम नमः शिवाय की धुणी का समापन मंत्र भी ओम नमः शिवाय से हवन किया गया एवं एक महीना में लगाए गए सभी वृक्षों की रक्षा सूत्र बांधकर पूजन की।

कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह की दीदियों के साथ पेड़ को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



रक्षाबंधन के अवसर पर मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों के साथ जिला पंचायत परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान लखपति दीदियों एवं सीआरपी दीदियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर साकेत मालवीय का स्वागत किया गया। इसके पश्चात दीदियों ने कलेक्टर को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी दीदियों ने पेड़ को भी राखी बांधी तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने स्व-सहायता समूह की दीदियों से संवाद करते हुए कहा कि सभी समूह की बहनें स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

कलेक्टर ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं, बल्कि समाज में आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी प्रस्तुत कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर मालवीय द्वारा स्व-सहायता समूह की दीदियों को उपहार भेंट किए गए। पेड़ को राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाने के इस आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया गया।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के केातवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पलका टोरी निवासी अरबिंद कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिथुन,अभिषेक और भूरा कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डंगाई निवासी खचोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैजरा अटारी निवासी रविन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सीताराम ,विष्णु, भीमा केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विष्णु केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुनील यादव,रविन्द्र यादव,देवेन्द्र और भरत सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खाई मोहल्ला निवासी सबाना बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति मोहम्मद असरफ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

अशोकनगर शहर में पूरे दिन धीमी वर्षा होती रही

रक्षाबंधन के दिन अच्छा बाजार चलने की उम्मीद पर पानी फिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में वर्षा इस बार कमजोर रहती आई है, मानसून की वर्षा के तेवरों की जो जरूरत अशोकनगर जिले को है वह तेवर अभी तक देखने नहीं मिले हैं। सावन का महीना व्यतीत हो गया है, इस मौसम में सबसे अधिक वर्षा की संभावनाए रहती हैं। यह जरूर है कि रक्षाबंधन के दिन सुबह से ही शहर में बूंदा बांदी के साथ शुरू हुई वर्षा धीमी वर्षा के रूप में पूरे दिन होती रही। रक्षाबंधन के दिन अच्छा बाजार चलने की संभावना दुकानदारों ने जताई थी लेकिन पूरे दिन होने वाली वर्षा ने उनके व्यापार पर पानी फेर दिया।



जिले में अब तक मात्र 566 मिलीमीटर वर्षा- अशोकनगर जिला वर्षा की कमी से जूझ रहा है, अब तक अशोकनगर जिले में इस मौसम की कुल 566 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो कुल वर्षा का 63 प्रतिशत है। सबसे कम वर्षा ईसागढ में 43.96 प्रतिशत और अशोकनगर में 47.88 प्रतिशत हुई है। यह वर्षा के आंकड़े सुबह 8 बजे तक हैं। अब तक अशोकनगर तहसील में 407 मिलीमीटर वर्षा हुई है जबकि चंदेरी में 65.10 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है, जिसमें 651 मिलीमीटर वर्षा हुई है जबकि ईसागढ में वर्षा सबसे कमजोर है यहां कुल 386 मिलीमीटर पानी गिरा है, यहां वर्षा का प्रतिशत 43.96 है। जबकि मुंगावली में इस मौसम की सबसे अधिक 782 मिलीमीटर वर्षा हुई है यहां वर्षा का प्रतिशत 97.75 प्रतिशत है। अशोकनगर जिले में 882 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है उसकी तुलना में जिले में 63 प्रतिशत पानी गिरा है, यह वर्षा भी छुटपट छुटपट वर्षा हुई है। जिले में अभी तक धुंआधार वारिस नहीं हुई है।

फसलों को मन माफिक पानी, लेकिन जलस्त्रोतों में जल का अभावः इस वर्षा से भले ही जिले में खरीफ की फसलों को फायदा हुआ हो लेकिन जल स्त्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं आया है, फसलों की दृष्टि से तो पर्याप्त पानी गिरा है, फसलों को जिस समय जैसा पानी चाहिए था वैसा पानी गिरा है लेकिन नदी,तालाब और डेमों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आया है। जिसके कारण जिले के लोगों को अभी से पानी की कमी की चिंता सताने लगी है। जिले के तालाब अभी भी 100 प्रतिशत नहीं भरे हैं, अगस्त का महीना व्यतीत हो रहा है, वर्षा की दृष्टि से सितंबर का महीना ही शेष है। वर्षाकाल के महीनों की बात करें तो सितंबर तक बारिस होती आई है लेकिन इस बार अशोकनगर जिले में वर्षा की स्थिति कमजोर है।

हादसे के वक्त बस में सवार ज्यादातर यात्री गहरी नींद में थे

तेज रफ्तार स्लीपर बस ब्यावरा के भोपाल बायपास पर अनियंत्रित होकर घुमावदार ब्रिज की दीवार से टकराई







हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

तेज रफ्तार स्लीपर बस क्रमांक एनएल 01.बी 3436 ब्यावरा शहर के भोपाल बायपास पर अनियंत्रित होकर घुमावदार ब्रिज की दीवार से टकराती हुई दूर तक रगड़ाती चली गई। हादसे के वक्त बस में सवार ज्यादातर यात्री गहरी नींद में थे। इस भीषण टक्कर में ऊपर की अपर बर्थ पर सो रहे 4 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 12 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए ब्यावरा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 7:35 बजे का बताया जा रहा है।

मृतकों में ड्राइवर और सायबर इंस्पेक्टर शामिल

इस हादसे में जान गंवाने वालों में बस ड्राइवर और बेंगलुरु में पदस्थ सायबर इंस्पेक्टर रवि केबी (45) शामिल हैं। रवि केबी अपनी सायबर टीम के साथ एक आरोपी को पकड़ने इंदौर आ रहे थे। उनकी टीम के विश्वनाथ और रमेश नायक भी घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार हादसे में जौनपुर, कानपुर, अलीगढ़, सीतापुर और बेंगलुरु के यात्री शामिल हैं।

घायलों को ब्यावरा सिविल अस्पताल लाया गया, जहा पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को भोपाल रेफर कर दिया गया। इस में सुरेंद्र प्रताप सिंह, सुमन शर्मा, श्रीनिवास और केशव को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया।

तेज रफ्तार चल रही बस हुई अनियंत्रित

यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर बस को तेज रफ्तार में चला रहा था। बस को सुबह 8.30 बजे इंदौर पहुंचना था, लेकिन वह लेट हो चुकी थी। अचानक करीब 80 डिग्री के कर्व पर बस सेफ्टी वॉल से टकराई और फिर सीधी हो गई। इससे कई यात्री नीचे गिर गए। हमें एकदम समझ नहीं आया कि क्या हुआ। हादसे में घायल केशव सिंह बुरी तरह चिल्ला रहे थे। बचाने की गुहार लगा रहे थे। डॉक्टरों के अनुसार, उनके इंटरनल ऑर्गन डैमेज हुए हैं।

अचानक ब्रीज से नीचे गिरने लगे लोग

प्रत्यक्षदर्शी आशीष चंद्रवंशी ने बताया कि वे हाईवे के किनारे खड़े थे। सुबह अचानक तेज आवाज आई और लोग नीचे गिरने लगे। उन्होंने देखा कि तीन लोग नीचे गिरे, जिनकी मौत हो गई। एक व्यक्ति ऊपर ही गिरा, उसकी भी मौत हो गई। यह हादसा बहुत ही भयानक हुआ है, जिसने भी इनको देखा उन्हे झकझोर कर रख दिया गया। जानकारी के मुताबिक मरने वालों में मृतक रवि के.बी. (45 वर्ष) बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस के इंस्पेक्टर, विकास शुक्ला (29 वर्ष) बस चालक, निवासी फतेहपुर, उत्तर प्रदेश, बेलाल अली (23 वर्ष) निवासी गोपालगंज, बिहार, ज्योतिरादित्य सिंह गौड़, निवासी बिजवाड़ शामिल है।



हादसे में यह हुए घायल

- श्रीनिवास (50 वर्ष) , कर्नाटक पुलिस के एएसआई
- अमित कुमार (40 वर्ष) मोहम्मदपुर, जौनपुर
- सुरेंद्र प्रताप सिंह (68 वर्ष) हुरुरी, जौनपुर
- सुमन शर्मा (36 वर्ष) कानपुर
- केशव (28 वर्ष) मथुला, अलीगढ़
- मीनू सिंह (37 वर्ष) जौनपुर
- रक्षित सिंह (13 वर्ष) जौनपुर
- रवि शर्मा (42 वर्ष) कानपुर
- पार्थ शर्मा (8 वर्ष) कानपुर

इनका कहना है

प्रथम दृष्टया हादसा ओवर स्पीड के कारण होना लग रहा है। ब्रिज पर कर्व होने की वजह से बस के अनियंत्रित होने की आशंका है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

- अमित तोलानी
पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़।

श्रावणी उपाकर्म आत्मशुद्धि और सदाचार का संकल्प लेने का पर्वः मंत्री डॉ टेटवाल

कपिलेश्वर तीर्थधाम में कालीसिंध के जल में किया स्नान

हेमाद्रि संकल्प के साथ ऋषिपूजन यज्ञोपवीत पूजन व हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारंगपुर स्थित कपिल मुनि की तपोभूमि कपिलेश्वर तीर्थधाम में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन वैदिक परंपराओं एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कालीसिंध नदी के पवित्र जल में स्नान कर हेमाद्रि संकल्प लिया। इसके बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन के साथ हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि श्रावणी उपाकर्म प्रत्येक सनातनी के लिए महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संस्कार और सदाचार का संकल्प लेने का अवसर है। उपाकर्म के तीन प्रमुख पक्ष प्रायश्चित, संस्कार और स्वाध्याय हैं। यह पर्व व्यक्ति को अपने आचरण का आत्मावलोकन करने तथा संयमित एवं सदाचारी जीवन जीने की प्रेरणा देता है।कपिलेश्वर तीर्थधाम में पंडित पवन पारीक, पंडित भूपेंद्र जोशी, पंडित कैलाश शर्मा एवं पंडित बालकृष्ण शर्मा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वेद, पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन से पूरा तीर्थ परिसर भक्तिमय रहा तथा श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भगवान कपिलेश्वर महादेव के दर्शन किए।



महंगाई के विरोध में प्रदर्शन, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



जीरापुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महंगाई , आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर प्रभाव से नियंत्रण किए जाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त कार्यकर्ता विश्रामगृह के यहां एकत्रित हुए जहां से विशाल जुलूस बनाकर सरकार द्वारा की जा रही बेतहाशा वृद्धि के विरोध में नारे बाजी करते हुए इंदर चैराहा , पुलिस थाना के सामने अटल चैक ,जमाई कॉलोनी होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां भाजपा सरकार की महंगाई विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया कि पेट्रोल डीजल की कीमतों में राहत प्रदान की जाए तथा घरेलू गैस सिलेंडर के दाम कम किया जाए , बिजली के बढ़ते बिल एवं विद्युत दरों की समीक्षा कर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए , गरीब किसान मजदूर एवं मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए महंगाई से राहत देने वाली योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए , एवं जमाखोरी , कालाबाजारी , आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर शक्ति की जाए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत , तरुण चैबे , नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष पवन सेन , पार्षद प्रतिनिधि कुशल कुशवाह , प्रेमसिंह राजाहेड़ी , मंडलम अध्यक्ष शिवनारायण गुर्जर मुण्ड़ी , शिव सिंह पटेल , चंदर सिंह पटेल, बहादुर सिंह चैहान, जगदीश सिसोदिया , प्रकाश वर्मा, राजाराम पाटीदार , गिरिराजसिंह बना , लक्ष्मणसिंह राजाहेड़ी , गोविंद चैहान , दरियाव सिंह सरावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


ब्रह्माकुमारी बहनों ने जनप्रतिनिधियों व पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

भाई-बहन के स्नेह का महापर्व रक्षाबंधनः राज्यमंत्री टेटवाल



सारंगपुर। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सारंगपुर की ओर से आध्यात्मिक स्नेह, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हुए विशेष राखी सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, संत पवन दास, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि पवित्रता, आत्मिक प्रेम, सद्भावना और सकारात्मक संकल्प का प्रतीक है। रक्षा सूत्र हमें अपने विचारों, वाणी और कर्मों में पवित्रता बनाए रखने तथा समाज में शांति एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि समाज की सुरक्षा के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अच्छे संस्कारों और सकारात्मक विचारों की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर सभी को ईश्वरीय संदेश एवं शुभकामनाएं दी गईं। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का महापर्व है। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधना आध्यात्मिक एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान संत पवन दास, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ ने ब्रह्माकुमारी बहन का आभार व्यक्त करते हुए सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

रक्षाबंधन पर बंदियों की आंखों से बहे पश्चाताप के आंसू



राजगढ़। भाई-बहिन के पवित्र, निश्छल, निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व कल शुक्रवार को पूरे जिले में धूमधाम, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। मुख्यालय स्थित जिला जेल सहित उपजेलों में भी रक्षाबंधन पर्व पर बहिनें अपने भाईयों को राखी बांधने पहुंची। जेल परिसर के अंदर राखी का यह आयोजन खुशी के साथ-साथ कुछ समय के लिए भावुकता के क्षणों में भी तब्दील हो गया। विभिन्न अपराधों के चलते सालों से जेल में सजा काट रहे अपने भाईयों को जब बहिनों ने राखी बांधी तो कुछ बंदी भाईयों की आंखों से प्रायश्चित के आंसू भी निकलते देखे गए। जेल में राखी पर्व हेतु जेल प्रबंधन द्वारा माकूल व्यवस्थाएं की गई थीं। जेल परिसर में बाकायदा टेंट लगाया गया। एक निश्चित संख्या में बारी-बारी से बहिनों के आधार कार्ड व आवश्यक दस्तावेज लेकर जेल में एंट्री करवाते हुए उनसे अपने भाईयों को राखी बंधवाई गई। न केवल राजगढ़ जिले बल्कि अन्य जिलों से भी बहिनें जेल में निरुद्ध अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने पहुंची। जिला जेल के जेलर आलोक वाजवेयी ने बताया कि राखी पर्व मनाए जाने के शासन से मिले निर्देशों के बाद जेल प्रबंधन द्वारा रक्षाबंधन हेतु माकूल इंतेजामात किए थे। बहिनों को जेल के बाहर कतारबद्ध खड़ा करवाया गया। इसके साथ ही जेल प्रबंधन द्वारा जेल परिसर में बाकायदा टेंट, फर्श, जल इत्यादि की व्यवस्था भी की गई थी। जिला जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी ने बताया कि 250 के लगभग बहिनों ने जिला जेल पहुंचकर अपने भाईयों को राखियां बांधी।

रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई पर सजा बहनों का स्नेह



नरसिंहगढ़। भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर एवं ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक रही। राखी, मिठाई, फल और उपहारों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। आकर्षक डिजाइनों और विभिन्न रंगों की राखियां बहनों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मिठाई दुकानों पर भी पर्व के चलते अच्छी खासी बिक्री हुई। दूर रहने वाले भाई-बहन भी रक्षाबंधन के अवसर पर एक-दूसरे से मिलने पहुंचे। घरों में पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और राखी बांधी। इस दौरान भाइयों ने बहनों को उपहार एवं राशि भेंट की।

पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन नगर व आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया

बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, विश्वास के रंग में रंगा रक्षाबंधन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा। बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाइयों का तिलक किया, आरती उतारी और उनकी कलाई पर प्रेम एवं रक्षा का प्रतीक राखी बांधी। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनके सुख-दुख में साथ देने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। पर्व के दिन बहनें नए कपड़े पहनकर भाइयों के घर पहुंचीं। कहीं बहनें मायके पहुंचीं तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। लंबे समय बाद भाई-बहनों के मिलने से कई परिवारों में भावुक और खुशनुमा माहौल भी देखने को मिला। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक देखने को मिली। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों के साथ मिठाई, कपड़े, गोला-नारियल तथा पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की। पर्व के चलते दुकानदारों के चेहरे पर भी उत्साह नजर आया।

भाई की कलाई पर सजी राखी, बहनों ने मांगी सुख-समृद्धि की कामना



माचलपुर। भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल नजर आया। बहनों ने भाई की कलाई पर प्रेम और विश्वास की डोर बांधकर उनकी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में उनका साथ देने का संकल्प लेते हुए उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर पिछले कई दिनों से बाजारों में रौनक बनी हुई थी। शुक्रवार को सुबह से ही राखी, मिठाई, कपड़े, उपहार एवं पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों ने विशेष रूप से लोगों को आकर्षित किया। बहनों ने अपनी पसंद की राखियां खरीदीं, वहीं बच्चों में भी रक्षाबंधन को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। रक्षाबंधन पर बहनों ने भाई को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाई। इसके बाद भाई की कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपने स्नेह का इजहार किया। कई परिवारों में बहनों के दूर रहने के कारण वीडियो कॉल और फोन के माध्यम से भी रक्षाबंधन की खुशियां साझा की गईं। रक्षाबंधन के पर्व ने एक बार फिर भाई-बहन के रिश्ते में स्नेह और अपनत्व की मिठास घोल दी। घर-घर में राखी की डोर के साथ रिश्तों की मजबूती और खुशियों का संदेश देखने को मिला।

राखियों से सजी भाइयों कि कलाइयां, प्रेम और विश्वास के बंधन में बंधे भाई-बहन



जीरापुर। भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। राखी, मिठाई एवं उपहार की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ देखने को मिली। घरों में पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना कर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह नजर आया।

मिलावट पर नकेल, संदिग्ध मावा, पनीर के लिए गए सैंपल

मिल रही शिकायतों के बाद 20 हजार की सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

त्योहारी सीजन को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा ने जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्य प्रतिष्ठानों की लगातार जांच एवं नमूना कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा देर रात ब्यावरा शहर में कार्यवाही की गई। इसके तहत रात्रि लगभग 11 बजे सुठालिया बाईपास, राधा-कृष्ण दूध मावा पनीर प्लांट का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध पाए गए मावा एवं पनीर के नमूने जांच के लिए लिए गए। मौके पर 40 किलोग्राम मावा एवं 20 किलोग्राम पनीर, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये है, जब्त किया गया। खाद्य पदार्थों के नमूने नियमानुसार जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत आगामी कार्रवाई की जाएगी। यह संयुक्त कार्रवाई तहसीलदार श्री कमल सोलंकी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एस.एस. खत्री द्वारा की गई।

राजस्व अमला भी सक्रिय, खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी तेज

त्योहारी सीजन में मिलावट एवं अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ राजस्व विभाग का अमला भी सक्रिय किया गया है। जिले में दूध, मावा, पनीर, मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण और विक्रय से जुड़े प्रतिष्ठानों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा मिलावट या अमानक खाद्य सामग्री पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

राजगढ़ क्षेत्र में दूध में खासी मिलावटः राजगढ़ ब्लॉक का करेड़ी, चाटूखेड़ा, खुजनेर क्षेत्र नकली दूध के लिए पहले से जाना जाता है। पूर्व के वर्षों में हुई कार्यवाहियों के दौरान इस क्षेत्र में पामोलिव ऑईल से दूध व अन्य पदार्थों का निर्माण होते पाया गया है जिस पर बाद में विधिसम्मत कार्यवाईयां भी हुईं। लेकिन, इस क्षेत्र में नकली दूध, घी, पनीर, मावा का कारोबार फिर से फलने-फूलने लगा है। करेड़ी, चाटूखेड़ा के दुग्ध व्यवसायी राजगढ़ सहित अन्य शहरों में नकली खाद्य पदार्थ खपा रहे हैं।

5 माह से लापता 22 युवक, परिजनों की मदद की गुहार



कुरावर। ग्राम तरेनी धाकड़ निवासी 22 वर्षीय युवक भगवानसिंह उर्फ बंटी अहिरवार पिछले करीब पांच माह से लापता है। युवक के अचानक घर से बिना बताए चले जाने के बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। युवक के पिता घीसालाल अहिरवार ने बताया कि उनका बेटा लगभग पांच माह पूर्व घर से चला गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने मामले की सूचना कुरावर पुलिस थाने में दी है। पुलिस द्वारा गुम इंसान क्रमांक 17/2026 के तहत सूचना दर्ज की गई है। भगवानसिंह उर्फ बंटी अहिरवार की उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम तरेनी धाकड़, थाना कुरावर, जिला राजगढ़ है। उसका रंग सांवला, चेहरा गोल और कद करीब 5 फीट बताया गया है। वह घटना के समय पैंट-शर्ट पहने हुए था और पैरों में चप्पल थी। परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को युवक के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल कुरावर थाना, जिला राजगढ़ को सूचित करें। युवक की जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित इनाम देने की बात भी परिजनों द्वारा कही गई है।

एक करोड़ राम नाम का संग्रह, अयोध्या में जमा कराएंगे

सारंगपुर। राम से बड़ा राम का नाम है... कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिरि-सुमिरि नर उतरहिं पारा। इसी भाव के साथ सारंगपुर के कपिलेश्वर तीर्थ विकास एवं भजन मंडल द्वारा संचालित राम नाम बैंक में अब तक एक करोड़ से अधिक राम नाम का संग्रह हो चुका है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कपिलेश्वर तीर्थ पर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अभिषेक करने के बाद राम नाम बैंक पहुंचकर अपने साथियों के साथ राम नाम लिखा। राम नाम बैंक की शुरुआत करीब एक वर्ष पूर्व मंत्री डॉ. टेटवाल की पहल से की गई थी। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को राम नाम लेखन के लिए प्रेरित करना और सनातन संस्कृति में नाम-स्मरण की परंपरा को आगे बढ़ाना है। अभियान से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुड़े और देखते ही देखते एक करोड़ से अधिक राम नाम का संग्रह हो गया।मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि राम नाम श्रद्धा, आस्था और आत्मिक शांति का प्रतीक है।